महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद्,गोरखपुर

संस्थापक–समारोह 2026

(4 दिसम्बर से 10 दिसम्बर)

मो. : 9140775309
9807715902
9451851216

प्रतियोगिता परिणाम एवं अन्य जानकारी के लिए देखें **website – www.mpspgkp.in**

मुख्य संरक्षक : गोरक्षपीठाधीश्वर महन्त योगी आदित्यनाथ जी महाराज, माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश

दिनांक 22.11.2026

प्रकाशनार्थ

गोरखपुर, 22 नवम्बर। महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् संस्थापक सप्ताह समारोह–2026 के अन्तर्गत सर्वोत्तम एन.सी.कैडेट चयन प्रतियोगिता महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय आरोग्य धाम बालापार, गोरखपुर तथा पी.टी. प्रतियोगिता महाराणा प्रताप इण्टर कालेज सिविल लाइन्स, गोरखपुर व महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय आरोग्य धाम बालापार, गोरखपुर में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के वरिष्ठ सदस्य श्री प्रमथनाथ मिश्रा व संचालन समिति के सदस्य डॉ. नितीश शुक्ला जी के निर्देशन में **सम्पन्न हुई। मूल्यांकन कार्य सम्पन्न करते हुए पी.टी. प्रतियोगिता एवं सर्वोत्तम एन.सी.सी. कैडेट चयन प्रतियोगिता का परिणाम** महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की वेबसाइट **www.mpspgkp.in** पर घोषित किया गया है।

गोरक्षपीठ द्वारा संचालित महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् संस्थापक सप्ताह समारोह के अन्तर्गत सर्वोत्तम एन.सी.सी. कैडेट चयन प्रतियोगिता के सभी **छः वर्गों में 46 सब यूनिटो के कुल 241 कैडटो** ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में 102वीं यू.पी. बटालियन एन.सी.सी. गोरखपुर के कर्नल जयशंकर चौधरी, सूबेदार गुरूनाम सिंह, हवलदार पिंटू सिंह एवं नायब सूबेदार स्वप्न शाह ने डीएसटी (DST) ड्रिल का सूक्ष्मता से मूल्यांकन किया। प्रतियोगिता में **सीनियर डिवीजन बी. प्रमाणपत्र बालक वर्ग में बी.ए. द्वितीय वर्ष के छात्र इन्द्र भारती व सीनियर विंग सी. प्रमाणपत्र बालिका वर्ग में बी.टेक की छात्रा निधि कुमार राय, दी.द.उ.गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर ने सर्वोत्तम एन.सी.सी. कैडेट के रूप में चयनित हुई, सीनियर विंग बी. प्रमाणपत्र बालिका वर्ग में नैन्सी श्रीवास्तव व सीनियर डिवीजन सी. प्रमाणपत्र बालक वर्ग में निलेश, महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, गोरखपुर सर्वोत्तम एन.सी.सी. कैडेट के रूप में चयनित हुए तथा जूनियर विंग ए. प्रमाण पत्र बालिका वर्ग में आर्मी पब्लिक स्कूल, गोरखपुर की कक्षा नौ की छात्रा मान्सी व जुनियर ए. प्रमाण पत्र बालक वर्ग में आर्मी पब्लिक स्कूल, गोरखपुर के कक्षा नौ के छात्र अंश पाठक सर्वोत्तम एन.सी.सी. कैडेट के रूप में चयनित हुए।**

पी.टी. प्रतियोगिता में **कुल 7 टीमों से 260 विद्यार्थियों** ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में निर्णायकों के रूप में डी.ए.वी. इण्टर कालेज, गोरखपुर के श्री जय प्रकाश यादव, कोआपरेटिव इण्टर कालेज, पिपराइच, गोरखपुर के श्री महेन्द्र कुमार सिंह तथा स्वामी विवेकानन्द इण्टर कालेज, महुजा पकड़ी दूबे, गोरखपुर के श्री हरिकेश यादव उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में **महाराणा प्रताप कन्या इण्टर कालेज रामदत्तपुर, गोरखपुर की टीम विजेता** तथा **महाराणा प्रताप चिल्ड्रेन एकेडमी सिविल लाइन्स, गोरखपुर की टीम उपविजेता** रही।

उपर्युक्त सभी मेधावी विद्यार्थियों को **मुख्य महोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह 10 दिसम्बर 2026 को प्रातः 9.00 बजे महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, गोरखपुर (आडिटोरियम) आरोग्य धाम, बालापार रोड सोनबरसा, गोरखपुर** में **संस्थापक सप्ताह समारोह के मुख्य महोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह में नकद पुरस्कार एवं गौरव पत्र गोरक्षपीठाधीश्वर परमपूज्य महन्त योगी आदित्यनाथ जी महाराज, मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के उपस्थिति में मुख्य अतिथि द्वारा प्रदान किया जायेगा।** उक्त जानकारी महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद संस्थापक सप्ताह समारोह संचालन समिति के सदस्य डॉ. नितीश शुक्ल द्वारा दी गई।

डॉ.(नितीश शुक्ला)
सदस्य–संचालन समिति
महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद्
गोरखपुर